परियोजना का नाम– जनपद अल्मोडा में विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत रौलाखरक–तिनगेर मोटर मार्ग का निर्माण। लम्बाई 3.00 कि0मी0

संलग्नक सं0–2.1

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–**5213 / III(2) / 15–09 –(मु0मं0घो0) / 2015, दिनांक 07 जुलाई, 2015** के द्वारा 3.00 कि0मी0 की लम्बाई हेतु 13.59 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। यह मोटर मार्ग पूर्व गोलूछीना–श्रीखेत मोटर मार्ग से प्रस्तावित किया गया है। इस मार्ग में आरक्षित, वन पंचायत, सिविल बेनाप व नाप भूमि प्रभावित होती है। ग्राम– मुझोली(रौलाखरक), मल्यालगॉव में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण यह मोटर मार्ग बनना प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुॅचाने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम– ग्राम– मुझोली(रौलाखरक), मल्यालगॉव में मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा। ग्राम-- ग्राम– मुझोली(रौलाखरक), मल्यालगॉव में प्रस्तावित मोटर मार्ग के बनने से पर्यटन को बढावा मिलने की भी संभावना है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे।

**संरेखण न0–1(लाल रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में आरक्षित, वन पंचायत, सिविल बेनाप व नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 3.00 कि0मी0 आती है।

**संरेखण न0–2 (नीले रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में नीले रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में आरक्षित, वन पंचायत, सिविल बेनाप व नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 3.500 कि0मी0 आती है।

इस संरेखण में वन भूमि व वृक्षों का पातन अत्यधिक मात्रा में प्रभावित हो रहा है। जिसे मोटर मार्ग हेतु दिये जाने में स्थानीय जनता द्वारा आपत्ति की जा रही है एवं संरेखन में अधिक वृक्ष प्रभावित हो रहे है। यह संरेखण तकनीकी दृष्टि से भी उचित प्रतीत नही होता है। जिस कारण संरेखण सं0 2 को निरस्त किया गया।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तद्नुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

अमीन
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा